भारत सरकार
कार्यालय आयकर आयुक्त
फैजाबाद प्रभार

फा.सं 58–59 / 185 / आ.आ. / फैजा. / तक. / 2007–2008 दिनांक – 07.11.2007

संस्था का नाम – लोक जागृति संस्थान,
ग्रा0 पहुंती पत्रालय सया परगना मिझौडा,
तह. अकबरपुर अम्बेदकरनगर ।

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12AA के अन्तर्गत आदेश

लोक जागृति संस्थान, ग्रा0 पहुंती पत्रालय सया परगना मिझौडा, तह. अकबरपुर अम्बेदकरनगर ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12AA के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु आवेदन फार्म न. 10A में दिनांक 12.06.2007 को दाखिल किया ।

आवेदन पत्र प्राप्त होने के पश्चात एक पत्र के माध्यम से संस्था को, संस्था द्वारा किये गये कार्यो, संस्था को प्राप्त आय तथा संस्था द्वारा किये गये खर्चों के संबंध में साक्ष्य सहित विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया। पत्र के अनुपालन में तथा सुनवाई के लिये तिथि 22.08.2007 नियत की गयी थी, संस्था की ओर से श्री राजेश कुमार, सेकेट्री, उपस्थित हुये । संस्था के क्रियाकलापों, किये गये कार्यो तथा संस्था के आय एवं व्यय के संबंध में इनके साथ चर्चा की गई । मामले की सुनवाई के दौरान वांछित सूचनायें प्रस्तुत की गई। इस संबंध में आयकर उपायुक्त, फैजाबाद ने अपनी आख्या दिनांक 05.10.2007 को प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने संस्था को पंजीयन हेतु संस्तुति किया है । मामले पर हुई चर्चा तथा सुनवाई के दौरान प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों के अवलोकन के उपरान्त मैं संस्था के क्रियाकलापों की यथार्थता के बारे में संतुष्ट हूं। अतः संस्था का आयकर अधिनियम की धारा 12AA(1)(b)(i) के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु आवेदन स्वीकृत किया जाता है।

चूंकि संस्था द्वारा पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत नही किया गया है एवं विलंब से आवेदन दाखिल करने के लिए पर्याप्त कारण भी नहीं बताया गया है अतएव संस्था को दिनांक 01.04.2007 से पंजीकरण दिया जाता है ।

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12AA के अन्तर्गत प्रस्तुत आवेदन के लिए इस कार्यालय में प्रयुक्त रजिस्टर के क्रम 185 / 2007–2008 पर आवेदन की प्रविष्टि कर ली गयी है।

यह पत्र किसी भी दशा में आय से छूट का प्रमाण नहीं है । आय की छूट के संबंध में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 एवं 12 के प्रावधानों के तहत ही मिलेगा ।

(राकेश मिश्रा)
आयकर आयुक्त
फैजाबाद प्रभार

फा.सं 58–59 / 185 / आ.आ. / फैजा. / तक. / 2007–2008 दिनांक – 07.11.2007

प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. लोक जागृति संस्थान, ग्रा0 पहुंती पत्रालय सया परगना मिझौडा, तह. अकबरपुर अम्बेदकरनगर ।
2. आयकर अपर आयुक्त, फैजाबाद परिक्षेत्र फैजाबाद ।
3. आयकर उपायुक्त, फैजाबाद पूर्व निर्धारण वर्षों 2006–07 एवं अन्य में आयकर अधिनियम 1961 के अन्तर्गत कार्यवाही हेतु ।

M. Prasad Shukla
(एम0 पी0 शुक्ला)
आयकर अधिकारी (मु.) तक.
कृते आयकर आयुक्त, फैजाबाद प्रभार

महासचिव
लोक जागृति संस्थान
ग्रा0–पहुँती पो0–सया
जिला–अम्बेडकरनगर उ0प्र0